Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्युज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)


APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 29-03-2022 | अंक 181

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## संपादकीय

## स्वरोजगार और युवा पीढ़ी



डॉ अनिल कुमार

हमारे देश की आबादी लगभग 1.35 करोड़ है और इसमें युवा लगभग 54 फीसदी हैं।आज हमारे देश मे बेरोजगारी विकराल रूप धारण कर चुकी है और यह भी कठोर यथार्थ है कि कोई भी सरकार सभी को रोजगार नही दे सकती है। तो विकल्प क्या है? इस विषय पर गंभीर चिंतन की जरूरत है।आज का युवा स्नातकोत्तर डिग्री ले कर भी एक अदद तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरी के लिए लंबी कतारों में लगा रहता है और वो नौ. करी भी किसी मंत्री /विधायक के सिफारिस पर किसी और को मिल जाती है।मेडिकल,इंजी. जनीरिंग,और मैनेजमेंट की डिग्री हासिल करने के लिए करोड़ो बच्चे कोचिंग करते है,लेकिन कुछ लाख बच्चे ही नामांकन पाते है,शेष भट. कते रह जाते हैं और मान. सिक तनाव और डिप्रेशन में चले जाते हैं।जो छात्र मेडिकल क०लेजों में नामांकन ले भी लेते है तो उन्हें 75 से 80 लाख तक कि फीस भरनी पड़ती है जो माध्यम वर्ग के परिवारों को आर्थिक रूप से तोड़ देता है। लगभग कमोवेश इंजीनियरिंग,मैनेजमेंट में भी यही हाल है। अगर सच कहा जाए तो मध्यम वर्ग के लिए रेलवे औए बैंकिंग सेक्टर ही हैं जो माध्यम वर्ग के बच्चों के लिए रोजगार प्रदान करता है। लेकिन बदलते राजनी. तिक परिवेश में इन सेक्टर्स के निजीकरण के बाद रोजगार का क्या होगा कहना मुश्किल है,निजी कंपनियां अपने नफा नुकसान के हिसाब से नौ. करियों में कितनी छटनी करेंगी अनुमान करना मुश्किल नही है।

## मारपीट एवं छिनतई का आरोप लगा दोनो पक्षों ने दी एक दूसरे के खिलाफ बरही थाना में आवेदन

जमीन विवाद को लेकर दो पक्षो में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक पक्ष के बेन्दगी निवासी कमल गिरी पिता स्व देवा गिगी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हज़ारीबाग रेफर कर दिया गया। घटना 27 मार्च शाम 5 बजे की बताई जा रही है। इस बाबत कमल गिरी ने बरही थाना में 19 लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला कर मारपीट करने एवं छिनतई का आरोप लगा कर प्राथमिकी हेतु आवेदन दिया है। मारपीट का आरोप पंकज कुमार, खेमाली साव, भगीरथ साव, रविशंकर साव, हीरालाल साव, झमन साव, रामचन्द्र साव, हरि साव, लखण साव, निर्मल साव, बसंत साव, मुरलीधर साव, दसरथ साव, अशोक साव, छोटेलाल साव, बाबूलाल साव, नेमधारी साव, दयानंद कुमार साव, कृष्णा कुमार साव पर लगाया है। आवेदन में बताया गया है कि 27 मार्च को शाम लगभग 5 बजे अपना घर बेन्दगी जा रहा था। तिलैया रोड बाईपास ओवरब्रिज के पास पंकज कुमार मुझे रोका और एक चाय दुकान के पास और आदमी को बुलाकर जानलेवा हमला किया। बेहोशी की अवस्था मे मुझे अस्पताल ले जाया गया।उन्हीने यह भी आरोप लगाया है जी ईश्वर साव ही इनलोगों को मेरे खिलाफ मारपीट करने के लिए उकसाया। वही दूसरे पक्ष से पंकज कुमार पिता खेमाली साव ने भी कमल गिरी पर घर मे घुसकर मारपीट , छिनतई एवं छेड़छाड़ करने का आरोप लगाकर बरही थाना में आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

# बरही में शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया मंगला जुलूस

## पूर्व विधायक मनोज यादव भी हुए शामिल

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित



बरही में मंगलवार संध्या 5 बजे शांतिपूर्ण तरीके ढोल एवं ताशा के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मंगला जुलूस निकाला गया। मंगला जुलुश का नेतृत्व रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर एवं महासचिव अमित साहू ने किया। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव भी जुलुश में शामिल होकर रामभक्तों का हौसला बढ़ाया। उक्त जुलुश बरही रामनवमी महासमिति के देख रेख में निकाला गया। जुलुश को देखते हुए बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर, बरही सीओ सह बीडीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने अपने जवानों के साथ मोर्चा संभाला।शान्ति पूर्वक जुलुश को सम्पन्न कराया। मंगला जुलूस निकलने पर श्रीराम के भक्तो में काफी खुशियां देखने को मिली, विदित हो की पिछले दो वर्षो से कोरोना के कारण मंगला जुलूस एवं रामनवमी पूजा में जुलूस नही निकाला गया था जिसको लेकर रामभक्तो में काफी नि. राशा थी ।लेकिन इस बार सभी अखाड़ों से पूजा अर्चना कर नगर भ्रमण किया गया। मंगला जुलूस निकलने पर बरही के बच्चे, बूढ़े एवं जवान जुलूस में शामिल होकर काफी उत्साहित थे। मंगला जुलूस में कुल बरही के 6 अखाड़ा के राम भक्त शामिल हुए। जिसमे महावीर मंडल अखाड़ा, भगवती मंदिर अखाड़ा, हनुमान अखाड़ा, अंजनी अखाड़ा, श्री राम अखाड़ा एवं बजरंग अखाड़ा के भक्त के भक्तगण शामिल थे। मौके पर रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर, सिकंदर राणा, भूपेंद्र यादव, कुणाल कतरियार, रितेश गुप्ता, सुनील कुमार साहू, अमित कुमार साहू, अमित कुमार, पिंटू सिंह, पंकज केशरी, मुन्ना यादव एवं हजारों श्रद्धालु शामिल थे।

मंगला जुलुश में शामिल रामभक्त



# 1932 खतियान के तहत स्थानीय नीति लागू करने को लेकर बैठक संपन्न

अपेम लाइव :चंदवारा




कोडरमा जिला के चंदवारा प्रखंड के बिरसोडीह पंचायत सचिवालय मे मंगलवार को भोजपुरी, मगही, अंगिका, मैथिली भाषा के विरोध व 1932 खतियान के तहत स्थानीय नीति लागू करने को लेकर बैठक किया गया। बैठक में 31 मार्च को प्रखंड मुख्यालय चंदवारा में बैठक करने का निर्णय लिया गया। मौके पर रवि शंकर यादव ने कहा कि झारखंड में नौकरी झारखंड के नौजवानों को मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिनके हाथ में खतियान है उनको बालू कोयला एक लाख से ढाई करोड़ तक का टेंडर मिलना चाहिए। हेमंत सरकार से मांग है। कि इन तमाम मुद्दों पर अविलंब खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करें एवं झारखंड के नौजवानों को झारखंड में रोजगार दे। प्रमुख लीलावती देवी ने कहा कि झारखंड की खनिज संपदा पर झारखंडयों को अधिकार दे तभी झारखंड का संपूर्ण विकास हो पाएगा और झारखंड के अलग होने का सपना पूरा हो पाएगा वही बरही विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता कृ ष्णा यादव ने कहा की जब तक 1932 खतियान लागू नहीं होगा तब तक झारखंडीयों का अपना अधिकार नहीं मिल पाएगा। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख लीलावती देवी व संचालन पूर्व मुखिया रवि शंकर यादव ने किया। मौके पर रविशंकर यादव, महेन्द्र यादव, सुनिता गिरी, लक्ष्मण गोप, युवा नेता कृष्णा कुमार यादव, अरविन्द यादव, मो अनवर, शितल कुमार यादव, मनोज कुमार यादव, सुधीर यादव, रामचन्द्र यादव, गुलाब यादव, रामप्रसाद यादव, नित्यानंद गिरी, रामानंद भारती, शत्रुघ्न भारती, सुबाष यादव, राजेश यादव समेत कई लोग मौजुद थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूज़पेपर

## 103 जातियों को लोन नहीं मिलना आर्थिक अधिकारों का हनन : रंजीत चंद्रवंशी

### पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण व चंद्रवंशी जाती को सीएनटी एक्ट से बाहर करने व लोन कि अधिकार की मांग को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से किया मुलाक़ात

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



सीएनटी कानून के कारण उपज रहे परेशानियों व पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण की मांग को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल महामहिम राज्यपाल से मुलाक़ात किया। प्रति. निधिमण्डल में शामिल अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महसभा के सदस्य व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण व चंद्रवंशी जाती को सीएनटी एक्ट से बाहर करने, चंद्रवंशी समाज के जाती प्रमाण पत्र से कहार शब्द विलोपत करने व 103 जातियों को लोन का अधिकार की मांग को लेकर महामहिम राजयपाल से मुलाक़ात किया। उन्होंने कहा कि धारा 370 कि तरह 371 में संसोधन कि आवश्यकता है। लोन नहीं मिलना आर्थिक अधिकारों का हनन है। पिछड़ों को अपनी सम्पत्ति के सहारे व्यवसाय करने के अधिकार से वंचित रखा गया है, व्यवसाय हेतू बैंकों से ऋण, गृह ऋण, बंधक ऋण लिए, लीज लेना-देना आदि नहीं कर पा रही है। आजाद भारत में एक कानून के तहत अंग्रेजों द्वारा निर्मित कानून के द्वारा हम सब पर अत्याचार हो रहा है। उन्हा. ेने कहा कि हम चन्द्रवंशी जाती के लोगों पर विशेष परिस्थिति में जैसे- दुर्घटना होने पर, बिमारी होने पर बेटी की शादी होने पर कर्ज आदि चुकाने में मकान बनाने में अथवा नया व्यवसाय करने हेतू अथवा अन्य किसी भी कारणवश जमीन की बिक्री करना आवश्यक हो जाये तो संबंधित जिला के उपायुक्त के पास विभिन्न कानूनी बाध्यताओं के साथ अनुमति प्राप्त करने की जट्लिता हम सब पर भारी परेशानी का कारण बनता है। इसलिए चंद्रवंशी जाती को ब्छज से मुक्त किया जाय। साथ ही उन्होंने कहा कि चंद्रवंशी समाज के लोगों का सरकार द्वारा जाति प्रमाण-पत्र निर्गत करने में गजट के अनुसार चन्द्रवंशी (कहार) लिखकर दिया जाता है। सरकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र में सिर्फ चन्द्रवंशी शब्द का प्रयोग किया जाय एवं कहार शब्द हटा दिया जाय। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार के तर्ज पर पिछड़ों को 27ः आरक्षण दिया जाय। प्रतिनिधिमण्डल में अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महसभा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रेम वर्मा, प्रदेश महामंत्री जीतेन्द्र कुमार, प्रदेश युवा अध्यक्ष निश्चय वर्मा और प्रदेश महिला अध्यक्ष रेखा वर्मा उपस्थित थें।

## सलैया मध्य विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन अध्यक्ष बने महेश प्रसाद

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा : उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलैया में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया अध्यक्षता मुखिया गोपाल प्रसाद और संचालन हीरालाल प्रसाद ने किया मौके पर बीजेपी ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रताप कुमार, पर्यवेक्षक अनंत कुमार पांडे अभिभावको की उपस्थिति में शांति पूर्ण तरीकें से विद्यालय प्रबंधन समिति सलैया का पूनर्गठन सम्पन हुआ जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से महेश प्रसाद पिता कन्हाई महतो, उपाध्यक्ष प्रियंका कुमारी पति उमाशंकर प्रसाद, संयो. जिका मालती देवी पति वीरेंद्र प्रसाद का चयन किया गया स मौके पर मुख्य रूप से सलैया ग्राम के अभिभावक और बच्चों के माता-पिता उपस्थित हुए




## वन विभाग ने अवैध वन्य संपदा के विरुद्ध चलाया छापेमारी अभियान

### बेडोखुर्द गांव में चल रहे अवैध आरामील जब्त,

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा थाना क्षेत्र के 15 किमी दूर गैंडा पंचायत के ग्राम बेडोखुर्द में चल रहे अवैध आरामील को बरकट्ठा पुलिस व वन विभाग ने संयुक्त कारवाई कर जब्त कर लिया। गुप्त सूचना के आधार पर प्रभारी वन परिसर पदाधिकारी आनन्द कुमार सिंह व बरकट्ठा थाना के एएसआई सरयू पासवान व एएसआई तरुण कुमार के संयुक्त नेतृत्व में अभियान चलाकर बेडोखुर्द स्थित अवैध आरामील को उखाड़ कर बड़ी मात्रा में चिरान पतरा, लकडी को बरही वन परिसर कार्यालय लाया गया। प्रभारी ने जानकारी दी कि अवैध आरामील संचालन में ग्राम बेडोखुर्द निवासी महादेव राणा,बा. लेश्वर राणा समेत 6 लोगो की पहचान की गई है। उक्त दोषियों के विरुद्ध वनवाद दर्ज कर विभागीय कार्रवाई की जा रही है। अभियान में प्रभारी वन परिसर पदाधिकारी आनन्द कुमार सिंह, वनरक्षी अमर आनन्द सरस्वती सहित दैनिक वन कर्मी शामिल थे स

## बालू लदा आठ ट्रैक्टर जब्त,7 लोगो को भेजा गया जेल प्राथमिकी दर्ज

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा( हजारीबाग) जिला प्रशासन के निर्देश पर अंचल अधिकारी श्रीकांत लाल मांझी व गोरहर थाना प्रभारी राधा कुमारी के नेतृत्व में अवैध खनन के विरुद्ध बालू कारोबारियों पर मंगलवार कड़ी कार्रवाई शुरू की गई है। मंगलवार को गोरहर थाना पुलिस के सहयोग से अवैध बालू परिवहन के विरुद्ध संयुक्त छापामारी की गई। छापेमारी के क्रम में ग्राम बंडासिंघा के पास आठ ट्रैक. टरों पर अवैध बालू लदा पकड़ा गया। इस संबंध में अंचल अधिकारी श्रीक. ांतलाल मांझी के लिखित प्रतिवेदन पर गोरहर थाना कांड संख्या 11/2022 के तहत मौके से ट्रैक्टर चालक बासुदेव यादव कटिया जयनगर, दिनेश यादव, उपेंद्र यादव दोनों साकिन कुशाहन मरकच्चो,विजय पांडेय, सुरेश ठाकुर दोनों साकिन बेडोकला, नरेश चौधरी साकिन झुमरी रा. जधनवार, मुकेश कुमार साकिन बड़कखुर्द इचाक निवासी उक्त सभी को गिरफ्तार हजारीबाग जेपी कारागार भेजा गया वह सभी जब्त ट्रैक्टर चालक और वाहन मालिक के विरुद्ध भी मामला दर्ज किया गया। साथ ही बालू लदे सभी आठ ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त कर गोरहर थाना ले आई है। ज्ञात हो जिला प्रशासन के अधिक. ारियों के निर्देश पर की जा रही कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है ।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर


## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI

UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X^th Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।


——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से





## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस






फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे–नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग



वादा नहीं विकास करेंगे...

जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य

मतदान देकर भारी मतों से

विजयी बनाएं...!

सोच हमारी

विकास आपका



कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी



जोश है, होश है,

संकल्पों से यारी है



विकास,समृद्धि और खुशहाली

की बारी है

## कुंती देवी

भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद

सामाजिक कार्यकर्ता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सरगम इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल घोषित सत्यम सोनू ने 97.5ः अंक लाकर विद्यालय टॉपर रहा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



परीक्षा फल वितरण करते शिक्षक गण

सरगम पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। इस दौरान बच्चों के बीच परीक्षा फल प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया मौके पर उपस्थित अभिभावक एवं शिक्षकों को के बीच शिक्षण कार्य को लेकर मंत्रणा हुई जिसमें अभिभावकों को बच्चों के शिक्षण कार्य पर विशेष ध्यान देने पर की सलाह दी गई।. मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय प्रबंधक अध्यक्ष- रा. जदेव दांगी, उपाध्यक्ष- सरोज कुमार सोनी, सचिव- शंकर कुमार ,कोषाध्यक्ष -विनोद कुमार, उप सचिव- शंकर कुमार दास, प्रधानाध्यापक ओंकारकुमार मिश्र सुमन कुमारी, मुसर्रत परवीन ,निशा ,अंशु तंद्रा रानी, तमन्ना परवीन , रूबी के अलावा अन्य शामिल थे।

## बुढ़वा महादेव में शिव एवं हनुमान चालीसा आरती का आयोजन किया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



हनुमान चालीसा आरती में शामिल लोग

महुदी पहाड़ स्थित अंतर्गत बुढ़वा महादेव एवं शिव मंदिर में आरती का आयोजन ग्राम कांडतरी एवं आसपास गांव के लोगों के द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने क्षेत्र में शांति बहाल रखने एवं विकास के लिए भगवान से कामना की। मौके पर मुख्य रूप से कांड़तरी ग्राम युवा अध्यक्ष बचनदेव कुमार, शिवभक्त ड०. विजय कुशवाहा, लक्ष्मण कुमार, प्रभाकर कुमार, निराला, सुन्नी कुमार, महेश्वर कुमार, संदीप कुमार, रंजन कुमार, मनोहर महतो, शिबू सैनिक, अनिल कुमार, अरविंद कुमार, विनय कुमार, रंजीत कुमार रंजन, रोहन कुमार, पिंटू कुमार, बादल कुमार, चंदन कुमार, अनिल राज, बालेश्वर महतो, नीतीश राज, चतर्भुज महतो, रोमल कुमार, श्रवण कुमार, कमलेश कुमार आदि दर्जनों शिवभक्त उपस्थित थे।

## विधायक अंबा प्रसाद ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर राज्यपाल से मिली सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद , बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो व अन्य जनप्रति. निधियों ने ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा द्य लोगों ने राज्यपाल से जनसंख्या के अनुपात में शीघ्र आरक्षण उपलब्ध कराने की आग्रह किया। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि झारखंड राज्य गठन होने के लगभग 21 साल बाद भी ओबीसी समुदाय को उचित प्रतिनिधित्व प्राप्त नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण ओबीसी समुदाय पिछड़ते जा रहे हैं। इसीलिए यथाशीघ्र ओबीसी आरक्षण की सीमा को बढ़ाना अति आवश्यक हैद्य उन्होंने कहा कि ओबीसी समुदाय के साथ नाइंसाफी हुई है। जिसके कारण ओबीसी समुदाय को अपने हक एवं अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है ।आगे कहा कि ओबीसी समुदाय को प्रभावी आरक्षण प्रतिशत प्रदान करने को लेकर सरकार के समक्ष समिति का गठन विचाराधीन है जिस पर शीघ्र निर्णय लेना होगा। क्योंकि आगामी दिनों में सरकारी नौकरियों के लिए विज्ञापनों का प्रकाशन होना है। जिससे राज्य की 55ः जनसंख्या को मात्र 14ः आरक्षण देने से ओबीसी समुदाय फिर से पिछड़े ही रह जाएंगे। पहले ही ओबीसी समुदाय को उचित आरक्षण नहीं मिलने की स्थिति में आगामी पंचायत चुनाव में 55ः पिछड़ी जाति के लोग उचित प्रतिनिधित्व से पिछड़ रहे हैं।




## हरली गांव में नए संस्थान आर्या इन्फ्राट्रक्चर का हुआ उद्घाटन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



शुभारंभ के दौरान उपस्थित पंकज व्यास व अन्य शामिल लोग

हरली गांव में आर्या इन्फ्राट्रक्चर के प्रोपराइटर पंकज व्यास के नए संस्थान का शुभारंभ माता माधेश्वरी देवी पिता सुरेश कुमार दांगी के द्वारा पूजा अर्चना के पश्चात संस्थान का उद्घाटन किया गया। मौके पर पंकज व्यास ने कहा कि संस्थान खुलने से यहां के लोगों को सु. विधा के साथ साथ लोकल मजदूरों को भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं । जिससे कई परिवार के लोगो का भरण पोषण होगा। ओके संस्थान खुलने से झाड़ली गांव के लोगों में खुशी देखी जा रही है। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से बादम बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक अनीता तिर्की, फील्ड ऑ. फिसर गोविंद काले, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार, उमेश दांगी, वीरू कुमार, सुनील कुमार, संजय कुमार, कंपनी मैनेजर सुभाष कुमार, मुकेश कुमार के अलावा कई लोग उप. स्थित थे।

APEM LIVE

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## आजसू प्रभारी की मदद से दिव्यांगों को मिले कृत्रिम अंग

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

मांडू विस के आजसू प्रभारी तिवारी महतो की मदद से प्रखंड के आठ दिव्यांगों को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए गए। कृत्रिम अंग पाने वाले लोगों में प्रखंड के चानो पंचायत के होरिल महतो, चेतलाल रविदास, नागी पंचायत के निरपत महतो, खरकी पंचायत के तुलसी महतो, गाल्होबार पंचायत के लखन महतो, जयराम महतो, घनश्याम महतो, बेड़ा हरियारा पंचायत के महेश प्रजापति शामिल हैं।




कृत्रिम अंग पाकर खुशी का इजहार करते दिव्यांग

आजसू विस प्रभारी तिवारी महतो के निर्देश पर सभी दिव्यांगों को लेकर रूपेन्द्र महतो पटना ले गए। पटना में एक संस्था के सौजन्य से उन्हें कृत्रिम अंग उपलब्ध कराया गया। दिव्यांगों ने कृत्रिम अंग पाकर राहत की सांस ली। कहा कि इससे अब चलने-फिरने व काम करने में सुविधा होगी। दिव्यांगों की मदद के लिए सभी ने तिवारी महतो को धन्यवाद दिया।

## सरस्वती शिशु निकेतन मंडरखा स्कूल में मनाया गया विदाई समारोह

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




बिरनी प्रखंड के सरस्वती शिशु निकेतन मंडरखा स्कूल के बच्चों का विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक उमेश वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया। जिसमें बच्चों को बताया गया कि वह ज्ञान का प्रकाश ही है जो मनुष्य को निरंतर आगे बढ़ाता है इसलिए ज्ञान के आधार पर ही जीवन को सजाना व संवारना चाहिए। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान को जीवन में उतारने से श्रेष्ठता आती है। ज्ञान की मशाल को प्रज्वलित रखकर ही जीवन को सजाया और संवारा जा सकता है। ज्ञान विज्ञान ही आज के जीवन में व्यवहारिक एवं उपयोगी है। बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि सभी को अपने वर्तमान का सदुपयोग करना चाहिए जिससे भविष्य प्रभावशाली बने। विद्यालय की छात्रा अन्नु, पुजा, संजना, ड०ली, प्रमोद, पिंटु, सुरज, आदि ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, भाव गीत सहित कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मोनिका वर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पवन कुमार वर्मा ने सभी बच्चों को आने वाले उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जीवन में अनुशासन का होना बहुत आवश्यक है। अतः हमेशा अनुशासित रहकर ही अध्ययन करें। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक उमेश वर्मा ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक- भवानी वर्मा ने बच्चों को टेंशन फ्री होकर मेहनत करने की बात कही। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक आनंद वर्मा ने विद्यार्थियों को बोर्ड की परीक्षा में सफलता के टिप्स देते हुए कहा कि अच्छी तैयारी के साथ-साथ भी परीक्षा के समय कई चीजों का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा से पहले कम से कम 30 मिनट पहले पहुंचना नितांत आवश्यक है। परीक्षा केन्द्र पर अपनी रोल नंबर स्लिप और लिखने की सामग्री अवश्य लेकर जाएं। इस मौके पर उपस्थित शिक्षक एवं शिक्षिकाये भवानी वर्मा, आनंद वर्मा, अनिल वर्मा 1, पप्पु वर्मा, अनिल वर्मा 2, कमलेश राणा, गौरीशंकर वर्मा, पिंटु, पंकज, मोनिका, शकुंतला, रेखा जी आदि उपस्थित थे

## जमीन लूट के खिलाफ लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा नरकी मुखिया का आमरण अनशन

### आंदोलनकारी मुखिया की तबियत बिगड़ी, लोगों में रोष

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष आमरन अनशन पर बैठी मुखिया समेत अन्य

प्रखंड के नरकी कला में भू माफियाओं द्वारा जमीन की लूट के खिलाफ विष्णुगढ़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष नरकी मुखिया बेबी देवी का आमरण अनशन मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। दो दिनों तक भूखे-प्यासे रहने के कारण आंदोलनकारी मुखिया की तबियत बिगड़ गई। स्थानीय चिकित्सकों ने उन्हें स्लाइन कर तात्कालिक राहत दी। आंदोलनकारी मुखिया के स्वास्थ्य में लगातार हो रही गिरावट के बावजूद दूसरे दिन भी कोई प्रशासनिक पदाधिकारी सुध लेने नहीं पहुंचे। इससे आंदोलनकारी समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता तथा समर्थन दे रहे लोगों में भारी रोष है। दूसरे दिन की अध्यक्षता भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो ने की। संचालन कर रहे दशरथ राय ने कहा कि आंदोलनकारी की मांग जायज है। इनके पास सभी कागजात मौजूद हैं। मामला सिविल कोर्ट में विचाराधीन है। इसके बावजूद कुछ दबंग लोगों द्वारा जमीन पर काम किया जा रहा है और स्थानीय प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है। आज हर जगह भू माफियाओं का बोलबाला बढ़ते जा रहा है। इसके पीछे अदृश्य रूप से प्रशासनिक पदाधिकारियों का संरक्षण है। कहा कि अगर यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में गरीब किसानों की जमीन भी लूट जाएगी। आंदोलनकारी मुखिया ने पुनः चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर अविलंब काम पर रोक नहीं लगाया गया तो यहीं आत्मदाह कर देंगे। जिसकी सारी जिम्मेवारी प्रशासन की होगी। मौके पर राजू श्रीवास्तव, सोबरन भगत, बिपिन सिन्हा, रामलाल सोरेन, प्रदीप रविदास, संजय प्रजापति, नुनु गोपाल, प्रकाश साव, निजाम सिद्दीकी, गोविन्द शर्मा, ढ़ेना सोरेन, देवीराम सोरेन, संजय दास समेत कई लोग मौजूद थे।

## भाकपा माले का मजदूर इकाई झामास के द्वारा निकाला गया प्रतिवाद मार्च

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




(झारखंड मजदूर सभा) के द्वारा बिरनी प्रखंड मुख्यालय के समीप भारत के ट्रेड यूनियनो के दो दिवसीय हड़ताल के समर्थन में एक प्रतिवाद मार्च निकाला गया प्रतिवाद मार्च हटिया मैदान पर्लोजिया से निकल कर बिराजपुर होते हुए हाइस्कूल तक गयी और अंत मे एक सभा मैं तब्दील हो गई सभा को संबोधित करते हुए झामस के प्रदेश महासचिव सीताराम सिंह ने कहा कि देश मे किसान बिल की तरह ही 4 लेबर कोड लाया जा रहा जो मजदूरों को गुलाम बनाने की साजिश है, मजदूरों के अधिकार का शोषण है ,और अनेक प्रकरण से इस मिश्रित सामाजिक अर्थव्यवस्था वाले देश को पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में तब्दील करने की साजिश मोदी सरकार के द्वारा किया जा रहा है , इसलिए किसान आंदोलन के तर्ज पर हरेक वर्ग के मजदूरों को इस केंद्र सरकार के खिलाफ संघर्ष करना होगा तब जाकर मजदूर अपने हक अधिकार को सुरक्षित रख पाएंगे । कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामस के नेता रामु बैठा, अखिल भारतीय किसान सभा के नेता मुस्तकीम अंसारी के साथ साथ रामविलाश पासवान, मुंसी विश्वकर्मा , अशरेश तुरी ,रामसहाय यादव, सहदेव यादव, शेखर सुमन, सुखदेव वर्मा, टेक्नारायन सिंह , प्रमोद सिंह इंकलाबी नौजवान सभा के राज्य कमिटी सदस्य राजेश विश्वकर्मा , सीताराम पासवान, विक्रम आनंद र०य, इम्तियाज अली , इनौस के सूर्यदेव तुरी ,सोनू शर्मा, भरत रजक, संतोष दास, राजकिशोर बैठा , चंदन माथुर, झुनझुन र०य कामेश्वर मंडल, आदि लोगों के साथ साथ सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए ।

## रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



शांति समिति की बैठक में मौजूद दोनों समुदाय के लोग

रामनवमी का त्योहार शांति, सौहार्द एवं सद्भावना से मनाने को लेकर मंगलवार को गैड़ा तथा अलपीटो पंचायत की संयुक्त बैठक अलपीटो पंचायत भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता सीओ रामबालक कुमार एवं संचालन बीडीओ संजय कोंगाड़ी ने किया। बैठक में दोनों समुदाय से जुड़े कई गणमान्य एवं ग्रामीण मौजूद थे। सीओ ने कहा कि केन्द्र सरकार के गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार गाइडलाइन तैयार करती है। अभी नया गाइडलाइन नहीं आया है। अगले माह तक इसके आने की संभावना है। इसके अनुसार हीं त्योहार को लेकर आगे निर्देश जारी किया जाएगा। फिलहाल रामनवमी के त्योहार सामाजिक सौहार्द को बरकरार रखते हुए सहभागिता से मनाने को लेकर चर्चा हुई। दोनों पंचायत के प्रबुद्ध अमन पंसद नागरिकों ने कहा कि रामनवमी हमारी आस्था एवं परंपरा से जुड़ा त्योहार है। इसे शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारगी के साथ मनाया जाएगा। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव, बगोदर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब, सुधीर सिंह, पंसस महेश यादव, शेख कयूम, महताब हुसैन, हरि यादव, जलील अंसारी, मिठू यादव, भोला सिंह, सतीश मिश्रा, नारायण यादव, भुनेश्वर यादव, भीखन रविदास, अर्जुन यादव, असलम अंसारी, महेंद्र यादव, शेख मेराज, हकीम अंसारी, जितेंद्र यादव, लालदेव यादव, जग्गू यादव, अशोक यादव, विक्की कुमार रजक समेत कई लोग मौजूद थे।

## घर मे लगी आग हजारो की संपत्ति जल कर राख

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड अंतर्गत पथलड़िहा गांव में दशरथ बैठा के घर मे बीते रात अचानाक आग लग गया। आग कैसे लगी ये तो एक पहेली बनकर रह गया है।आग इतना तेज हो गया। कि वे रखा हुआ संपत्ति को आपने चपेट में लेकर राख कर दिया। जिसमें गांव वाले कि सहयोग से आग पर काबू पाया। वही घटना की जानकारी पा कर पुर्व मुखिया, वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि रामु बैठा पीड़ित परिवार के घर पहुचकर हरसंभव मदद करने की बात कहे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बुलाकी रोड स्थित पुरानी पानी टंकी के समीप कचरा का अंबार

अपेम लाइव :गिरीडीह
रोहीत कुमार



आज सुबह भाकपा माले नगर संयोजक नौशाद अहमद चांद के द्वारा वार्ड नंबर 27 का दौरा करने के क्रम में ग्रामीणों ने बताया कि बुलाकी रोड स्थित पुरानी पानी टंकी के समीप पूरा कचरा का अंबार लगा हुआ है और सारी नालियां जाम हो चुकी है कई माह से साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं की गई है गर्मी के मौसम को देखते हुए जिस तरह से यहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है मच्छरों का प्रकोप बढ़ेगा और मलेरिया जैसी घातक बीमारी से यहां के मोहल्ले वासी ग्रसित होंगे में नौशाद अहमद चांद वार्ड सदस्य अथवा नगर निगम से यह मांग करता हूं कि जितनी जल्द से जल्द हो सके इस क्षेत्र की और पानी टंकी के समीप खासकर सारे कचरे एवं गंदगी को साफ किया जाए अन्यथा भाकपा माले इस नगर निगम की उदासीनता को लेकर आंदोलन करने को बाध्य होगी

## पोषण सखी संघ ने गावां में फूंका मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला

अपेम लाइव : गांवा
मोजाहिद अली



झारखंड सरकार द्वारा पोषण सखियों को पद मुक्त किए जाने से संबंधित घोषणा किए जाने के बाद नाराज पोषण सखियां आंदोलन की राह पर चल पड़ी हैं। सरकार के खिलाफ सखियों ने गांवा प्रखंड में रैली निकालकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। इस दौरान पोषण सखियों ने थाना मोड़ से गांवा ब्ल०क मोड़ तक नारे लगाते हुए मांगों को पूरी करने की मांग कर रहे थे। पोषण सखियों ने कहा कि 6 साल काम के बाद हमें नौ. करी से हटाया जा रहा है, अब हम लोग कहां जाएंगे। झारखंड सरकार हमारी मांगों पर फिर से विचार करे, नहीं तो हम लोग उग्र आंदोलन करेंगे। बता दें कि 01 अप्रैल से झारखंड राज्य में पोषण सखियों को सरकार द्वारा हटाने का आदेश दिया गया है और उसके बाद से इस तरह का प्रदर्शन किया जा रहा है। मौके पर रिंकी श्रीवास्तव पूजा विश्वकर्मा, सिंपी कुमारी,सरिता सोनी गुड़िया चौधरी आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## लक्ष्य एकेडमी सहित कई कोचिंग में मनाई गई विदाई समारोह

अपेम लाइव : धनवार
शाहबाज आलम



धनवार प्रखंड क्षेत्र के लक्ष्य एकेडमी सहित कई कोचिंग वा स्कूलों में मनाई गई विदाई समारोह। किया गया कार्यक्रम का आयोजन। कार्यक्रम उद्घाटन लक्ष्य एकेडमी के प्रधान श्रीकांत कुमार, शाहबाज अंसारी अरशद अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम मुख्य रूप से विदाई समारोह के लिए किया गया। जिसमें बच्चों को बताया गया कि वह ज्ञान का प्रकाश ही है जो मनुष्य को नियंत्रण आगे बढ़ाता है इसलिए ज्ञान के आधार पर ही जीवन को सजाना वसा सवारना चाहिए। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान को ही जीवन में उतरने से श्रेष्ठ आती है। ज्ञान की मसला को प्रज्व. लित रख कर ही जीवन को सजाया और संवारा जा सकता है। बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि सभी को अपनी वर्तमान का दुरुपयोग ना करना ज्ञान विज्ञान आज के जीवन में व्यवहारिक एवं उपयोगी है। चाहिए इसे भविष्य प्रभाव हनी बनी। लक्ष्य एकेडमी की छात्र/छात्रा निशू कुमारी, काजल कुमारी, साईंका प्रवीण, शाहबाज सानू, अरशद अंसारी, रोशन कुमार, चंदन कुमार, पप्पू , रंजन कुमार, सहित कई लोग उपस्थित थे। वही मो शाहबाज अंसारी ने कहा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि जीवन में अनुशासन का होना बहुत ही आवश्यक है। एकेडमी के प्रधान ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी ने कहा जीवन में अनुशासन का होना बहुत ही आवश्यक है अतः हमेशा अनुशासित रहकर ही अध्ययन करें । बच्चों को टेंशन फ्री होकर मेहनत करने की बात कही। कहां की विद्यार्थियों को बोर्ड की परीक्षा में सफलता के टिप्स देते हुए हैं कि अच्छी तैयारी के साथ-साथ परीक्षा के समय कई चीजों का ध्यान रखना चाहिए। इसी के साथ सभी छात्र छात्राओं को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत भावभीनी विदाई दी गई।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल का व्यापक असर रहा दूसरे दिन बैंको में लटके रहे ताले

### दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का दूसरा दिन भी सफल हुआ -धर्मप्रकाश

अपेम लाइव :
गिरीडीह टाउन
आदित्य पांडेय



गिरिडिह में आहूत 28-29 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दूसरे दिन भी हड़ताल पूरी तरह सफल हुआ। हड़ताल का स्लोगन था आदमी बचाओ देश बचाओ। हड़ताल के दूसरे दिन आज बीमा कर्मचारी संघ बैंक कर्मचारी संघ बीएसएसआर यूनियन के लोग सैकड़ों की संख्या में एलआईसी परिसर में धरना पर बैठे। कार्यक्रम को ऑल इंडिया इंश्योरेंस इंप्लाइज एसोसिएशन के सचिव धर्म प्रकाश, संयुक्त सचिव अनुराग मुर्मू ,अ०ल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन के उदय सिंह ,बीएसएसआर यूनियन मृदुल कांति दास, बैंक एम्पलाइज फेडरेशन अ०फ इंडिया गौतम कुमार सहित कई लोगों ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि कि दो दिवसीय हड़ताल देश में व्याप्त महंगाई बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर के किया गया है। इस हड़ताल के माध्यम से मांग किया गया कि नई पेंशन स्कीम को समाप्त किया जाए, न्यूनतम मज. दूरी 26000 प्रतिमाह किया जाए ,मजदूर विरोधी श्रम कोड को समाप्त कर पुराने श्रम कानून को लागू किया जाए, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के विनिवेशीकरण पर अविलंब रोक लगाई ज ा ए । हड़ताल के दूसरे दिन भी सभी बैंक ,बीमा कार्यालय बंद रहा । दूसरे दिन का भी हड़ताल शत-प्रतिशत सफल रहा। कार्यक्रम में संजय शर्मा,विजय कुमार , उमानाथ झा, कुमकुम वाला बर्मा ,डेनियल मंराडी, अंशु सिंघानिया अंजलि श्वेता सभा प्रवीण कुलदीप कुमार प्रीतम कुमार मेहता देवनाथ सुनील कुमार वर्मा संजय कुमार शर्मा नीरज कुमार सिंह पुष्पा कुमारी साक्षी सिंह मिताली अभिषेक कुमार नुरेंद्र कुमार अजय आनंद प्रदीप कुमारखूब लाल महतो, अभिजीत डान, ज्योति मय चटर्जी मृत्युंजय मिश्रा संजय कुमार जिर्तेंद्र कुमार सूरज कुमार सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया।

## विष्णुगढ़ के ट्रक खलासी की महाराष्ट्र में सड़क हादसे में मौत

अपेम लाइव : विष्णुगढ
मिथलेश गोल्डी



दुर्घटनाग्रस्त ट्रक

प्रखंड के एक ट्रक खलासी की मौत महाराष्ट्र के सतारा जिले में हो गई। मृतक मजदूर इमरान अंसारी (22) पिता अब्दुल समद नवादा का रहने वाला था। घटना मंगलवार की देर रात लगभग डेढ़ बजे की है। बताया जाता है कि वह पुणे के एक ट्रां. सपोर्ट कंपनी में ट्रक के खलासी का काम करता था। सोमवार को पुणे से सामान लोडकर वह ट्रक के साथ कर्नाटक जा रहा था। इसी दौरान मंगलवार की रात लगभग डेढ़ बजे ट्रक सतारा घाट में सामने से तेज गति से आ रही एक अन्य वाहन से टकरा गई। जिससे खलासी इमरान की मौके पर हीं मौत हो गई। घटना में चालक पूरी तरह से सुरक्षित बच गया। मृतक घर का बड़ा पुत्र था। घर की माली हालत खराब होने के कारण वह खलासी का काम कर रहा था। वह परिजनों का एकलौता कमाने वाला सदस्य था। हादसे की खबर सुनकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हो गया। इमरान के घर में माता-पिता के अलावा पत्नी व एक साल का दूधमुंहे बेटे पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। कई लोग उनके घर पहुंचकर सांत्वना देने में लगे रहे। उनका शव अभी नहीं पहुंचा है।

## धनवार थाना क्षेत्र मेंएक्साइज का पड़ा छापा

अपेम लाइव :
गिरीडीह टाउन
आदित्य पांडेय



मंगलवार को गिरिडीह जिला के धनवार थाना क्षेत्र में उत्पाद विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान धनवार थाना क्षेत्र के धनयडीह गांव में टिकरा दास पिता-बुधन दास के घर से सौ किलोग्राम जावा महुआ और 65लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। मौके से धंधेबाज भागने में सफल रहा। आज के छापेमारी अभियान का नेतृत्व जिला उत्पाद निरिक्षक अरुण कुमार पांडेय कर रहे थे। साथ में जिला पुलिस बल और गृह रक्षा वाहिनी जवान शामिल थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जनता जरीडीह में हवन पूजन नए सत्र की पढ़ाई शुरू की गई

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



शिक्षा के साथ–साथ संस्क.ारवान बच्चों के निर्माण हेतु दिनांक 28–03–2022 को विधिवत हवन– पूजन के साथ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जनता जरीडीह, बिरनी का बड़े घूम –धाम से प्रारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय क् के अध्यक्ष श्रीमान रा. जामणि टिकैत जी ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने का काम आचार्य परिवार के द्वारा किया जाता है । विद्यालय के पूर्व सचिव श्रीमान लालमणी साव जी ने कहा कि समाज में सरस्वती शिशु मंदिर की अलग पहचान है। इस विद्यालय से पढकर बच्चे अनेक सरकारी, अर्ध सरकारी तथा व्यवसाय से जुडकर समाज को लाभान्वित कर रहे हैं ।आज के परिपेक्ष्य में इस विद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका जान पडती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अरुण कुमार में कहा कि भैया –बहनों का शारीरिक, प्राणिक,मानसिक,बौद्धिक तथा आध्यात्मिक यानि सर्वांगिण विकास सरस्वती शिशु मंदिर में किया जाता है मौके पर बाबुलाल मोदी, राजू बैठा, सिकन्दर यादव, प्रदीप बर्मा, श्याम, रामेश्वर महतो, संजीत कुमार वर्णवाल, बीरेन्द्र राम प्रधानाचार्य जह्वाडीह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय मोदी, जयकांत पाण्डेय, बिनोद पाण्डेय, अरुण, टिकैत स्वर्णकार, आनंद, बालेश्वर, आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन किया ।

## डायन का आरोप लगाकर महिला पर जानलेवा हमला

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बदवारा पंचायत के पिपरीटांड़ निवासी रना देवी उम्र लगभग 35वर्ष पति शिवशंकर महतो ने अपने भैंसुर लालमनि महतो पिता लक्ष्मण महतो, गोतनी दुलारी देवी पति लालमनि महतो, भैंसुर बेटा राजेश वर्मा पिता लालमनि महतो, भैंसुर पतोहु प्रतिभा कुमारी पति राजेश वर्मा पर डायन कहकर गाली गलौज करते हुए जान मारने की नियत से हमला करने का आरोप लगाते हुए बेंगाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। समाचार मिलने तक बेंगाबाद थाना पुलिस ने मुख्य अभियुक्त लालमनि महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया साथ ही और अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है। अपने लिखित आवेदन में रुना देवी ने उचित जांच पड़ताल कर आरोपियों पर ठोस कार्रवाई करने की गुहार लगाई है बेंगाबाद थामा प्रभारी प्रदीप कुमार से। रुना देवी के पति शिवशंकर महतो ने बताया कि घटना सोमवार की शाम पांच बजे के करीब की हैमेरी पत्नी को घर में अकेला पाकर मेरे बड़े भाई लालमनि महतो ने अपनी पत्नि बेटा और बहू के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए जान मारने की नियत से हमला कर दिया। मेरी पत्नी रूना देवी के सिर पर फरसा से हमला कर दिया जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। प्राथमिक इलाज बेंगाबाद स्वास्थ्य केन्द्र में होने के बाद गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। आज मंगलवार को स्थिति को गम्भीर देखते हुए पीएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया गया। इस मामले पर स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों भाई में जमीन जायदाद को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है। इसी रंजिश के कारण रूना देवी पर हरवे हथियार के साथ हमला कर दिया। महिला को घर में अकेला पाकर इस तरह हमला करना कहीं से भी न्यायोचित नहीं है उक्त आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

## नशे में शराबी पड़ोस के घर में घुसा तो पड़ोसी ने कर दिया धुनाई

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : गांवा थाना क्षेत्र के खेसनरो निवासी मोहन यादव पिता केशो यादव सोमवार को देर रात शराब के नशे में धूत होकर पड़ोस के ही जागेश्वर यादव के आवास पर चले गए जिसके बाद मनचले को घर में देखकर पूरे घरवालों ने शराबी की जमकर धुनाई कर दी जिसमें मुख्य रुप से मोहन यादव घायल हो गया। आनन–फानन में सुबह घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांव में लाया गया जहां डo हबीबुल्लाह खान ने उपचार कर के बाद पुनः घर भेज दिया गया। वह घायल के परिजनों ने बताया कि वे कई वर्ष से गांव में ही शराब का सेवन कर रहे थे उनकी दिमाग की हालत भी ठीक नहीं है, वे नशा में इधर उधर चले जाते हैं। हर दिन की तरह कल भी वे पड़ोस के ही मोहन यादव के घर चले गए थे जिसके बाद मोहन यादव व उनके पुत्र रविंदर यादव ने उसकी जमकर धुनाई कर दी जिससे वह बुरी तरह घायल घायल हो गया। वहीं उन्होंने स्थानीय थाना में आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। उक्त संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने बताया कि मामला दर्ज किया जा चुका है जांच चल रही है जांचोपरांत कार्यवाइ किया जाएगा।




## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में त्रीदिवसीय 32 कार्यशाला का आयोजन हुआ।

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में त्रिदिवसीय 32 कार्यशाला का आयोजन हुआ। प्रथम दिवस कार्यशाला का उद्घाटन समिति उपाध्यक्ष डo सतीश्वर प्रसाद सिन्हा एवं प्रधानाचार्य शिव कुमार चौधरी ने दीप जलाकर पुष्पार्चन किया।कार्यशाला की भूमिका पर प्रधानाचार्य ने विस्तार से बताया। मौके पर सतीश्वर प्रसाद सिन्हा ने कहा कि विद्यालय एक वैशिष्ट्य वातावरण में चल रहा है। ज्ञान कोष की लंबाई– चौड़ाई बढ़ते रहता है। हमें भी अपने ज्ञान को बढ़ाना चाहिए। जन्म के पूर्व भी बालक शिक्षा ग्रहण करता है और जीवन पर्यंत ज्ञान प्राप्त करता है। बच्चों को अक्षर ज्ञान के साथ–साथ व्यवहारिक ज्ञान भी देना चाहिए। उन्नत राष्ट्र में शिक्षक का दायित्व महत्वपूर्ण होता है। कुछ सिखाते समय बच्चों में एक विजन डाल देते हैं तो वह आजीवन नहीं भूलता है। मैकाले शिक्षा पद्धति से निकालकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर हम सभी आ गए हैं हमें एक ऐसे बालक का निर्माण करना है जो राष्ट्रीय निर्माण में सहायक हों। बच्चे समग्र रूप से विकसित होते हैं और अनुभवात्मक शिक्षा से लाभान्वित होते हैं। एक लक्ष्य को लेकर सत्रारंभ करें तो यह निश्चित तौर पर समाज के प्रगतिशीलता को निरंतरता बनाए रखता है। कार्यशाला में समस्त आचार्य– दीदी उपस्थित थे।

